अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

प्र 1 क्या मेरा स्मार्ट कार्ड खो जाने पर नया कार्ड बनाने के लिए मुझे कोई जुर्माना देना होगा?

(क) **स्मार्ट कार्ड के खो जाने पर जुर्माने**, हाँ, किसी व्यक्ति का कैन्टीन स्मार्ट खो जाने पर स्मार्ट कार्ड के मूल्य के अलावा निम्नलिखित जुर्माने लगाए जाएंगे और जुर्माने की राशि यूआरसी लाभ में मिला दिया जाएगाः-

खोया /काड	शराब	राशन
पहली बार	रू 500/—	रू 500/—
दूसरी बार और उसके बाद हर बार	रू 1000/—	रू 1000/—

ध्यान दें: यूआरसी के अध्यक्ष कुछ विशेष मामलों में, खोने के कारण के आधार पर जुर्माना हटा सकते हैं।

(ख) लापता स्मार्ट कार्ड के दुरुपयोग के कुछ मामले हुए हैं। इसलिए कैन्टीन स्मार्ट कार्ड के खो जाने को गंभीरता से लिया जाता है। नए कार्ड के लिए आवेदन देने वाले और गलत विवरण देने वाले व्यक्ति के अलावा जिम्मेदार निगरानी कर्मचारी/ विपरीत हस्ताक्षर प्राधिकारी को भी नए व्यक्तिगत स्मार्ट कार्ड के लिए आवेदन में गलत विवरण देने के लिए उत्तरदाई माना जाएगा।

प्र 2 अधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और वस्तुओं के जारी होने पर कुछ यूआरसी प्रतिबंध क्यों लगाती हैं?

कैंटीन सुविधाओं का दुरुपयोग वास्तविक खरीददारों के कल्याण के लिए बहुत बुरा है। इसे खत्म करने की जरूरत है। कभी कभी कुछ वस्तुओं की मात्रा में कमी या किसी मौसम में ग्राहकों द्वारा किसी वस्तु की अत्यधिक खरीद के कारण अस्थाई प्रतिबंध लगाया जाता है। उपलब्ध भंडार का प्रबंधन करके सुविधा के दुरुपयोग को रोकने की जिम्मेदारी यूआरसी के अध्यक्ष की है। प्रक्रियाओं का प्रबंधन करने और प्रक्रियाओं को परिभाषित करने के लिए, निम्नलिखित को लागू किया जाता हैः-

(क) व्यक्तियों द्वारा कोई बड़ी खरीद नहीं। किसी व्यक्ति द्वारा किसी बड़ी खरीद की अनुमति नहीं है। यूआरसी इसके लिए स्थानीय स्तर प्रतिबंध लगा सकता है। परंतु, सारी बड़ी खरीदारियाँ, यदि वैध कारण हो, तो यूआरसी के अध्यक्ष की लिखित अनुमति द्वारा ही की जा सकती हैं।

(ख) प्रवेश पर कड़ा प्रतिबंध और केवल अधिकृत लोगों को ही कैंटीन की सुविधा प्राप्त करने की अनुमति देना। किसी भी यूआरसी में प्रवेश पूर्ण रूप से निजी उपस्थिति द्वारा स्मार्ट कार्ड के आधार पर होगा।

प्र 3 शराब जारी करने पर क्या निर्देश हैं?

शराब कोटा शराब जारी करने के नियम में कोई बदलाव नहीं है। परंतु, ये गुणवत्ता और मात्रा के बेहतर नियोजन और नियंत्रण के लिए ब्रांड / प्रकार के अनुसार सीमित है। इसलिए, इस समय निम्नलिखित प्रतिबंध लागू किए गए हैंः-

(1) **अधिकारी** कुल अधिकार की 50 प्रतिशत तक स्कॉच विस्की।

(2) **जेसीओ और समान** अधिकार की एक स्कॉच विस्की सहित तीन विस्की बोतलों से अधिक नहीं।

एफएक्यूः समूह

युद्ध में चोट (जानलेवा)

प्रश्न 1 मेरे पति की सेवा (युद्ध में चोट) के दौरान मृत्यु हो गई। पुनर्वास और कल्याण खंड के माध्यम से मुझे कौन से लाभ मिल सकते हैं?

उत्तर: आप योग्यता के आधार पर निम्नलिखित योजनाओं का लाभ ले सकती हैं:-

(क) शिक्षण ग्रांट (स्नातक और उससे आगे के कोर्स के बाद)

विवरण नीचे दिया गया हैः-

(1) अधिस्नातक के लिए -रू 20,000/-

(2) व्यावसायिक कोर्स के लिए - ट्यूशन फीस रू 5,000-

(अधिकतम रू 50,000-)

(ख) विधवाओं के उच्च शिक्षा - विवरण नीचे दिया गया है:-

(1) अधिस्नातक के लिए - रू 20,000/-

(2) व्यावसायिक कोर्स के लिए - ट्यूशन फीस रू 5,000/-

(अधिकतम रू 50,000/-)

(ग) बेटी की विवाह के लिए - रू 100,000/-

(घ) विधवा के पुनर्विवाह के लिए - रू 100,000/-

(ड़) अनाथ बेटे के विवाह के लिए - रू 100,000/-

(च) अपने व्यवसाय के लिए - रू 100,000/-

(निधि की उपलब्धता के अनुसार)

प्रश्न 2 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु)। मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से शिक्षा दान कैसे ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज़ देने होंगे?

उत्तर: कृप्या डाउनलोड सेक्षन में दिए गए फॉर्म को भरें और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा करवाएं:-

(क) पिछली ऊतीर्ण कक्षा की मार्क शीट

(ख) जहाँ इस वक्त पढ़ रहे हैं उसके प्रधानाचार्य से प्रमाण पत्र

(ग) फीस /होस्टल की फीस की रसीद की असली कॉपी

(घ) सेना इकाई के जिला सैनिक बोर्ड / कमांडिंग अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए मृत सैनिक की जानकारी और परिवार की जानकारी की प्रति।

प्रश्न 3 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु) । मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से मेरी उच्च शिक्षा (विधवा की) के लिए वित्तीय सहायता कैसे ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज़ देने होंगे?

उत्तर: कृप्या डाउनलोड सेक्षन में दिए गए फॉर्म को भरें और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा करवाएं:-

(क) पिछली ऊतीर्ण कक्षा की मार्क शीट

(ख) जहाँ इस वक्त पढ़ रहे हैं उसके प्रधानाचार्य से प्रमाण पत्र

(ग) फीस /होस्टल की फीस की रसीद की असली कॉपी

(घ) सेना इकाई के जिला सैनिक बोर्ड / कमांडिंग ऑफिसर द्वारा हस्ताक्षर किए गए मृत सैनिक की जानकारी और परिवार की जानकारी की प्रति।

प्रशन 4 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु) । मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से कंप्यूटर अनुदान ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज देने होंगे?

उत्तर: ये युद्ध में म्रत सैनिकों के बच्चों के लिए एक बार दिया जाने वाला अनुदान है, जो स्नातक / व्यावसायिक कोर्स और उससे आगे पढ़ना चाहते हैं। आप डाउनलोड सेक्षन में दिए गए निर्धारित आवेदन फॉर्म के साथ वर्तमान (स्नातक ध्व्यावसायिक कोर्स) मार्कशीट और कंप्यूटर के बिल के साथ आवेदन दे सकते हैं।

प्रशन 5 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु)। मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से मेरी बेटी के विवाह के लिए वित्तीय सहायता कैसे ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज देने होंगे?

उत्तर: क्रप्या डाउनलोड सेक्षन में दिए गए फॉर्म को भरें और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विवाह की तारीख से कम से कम एक महीना पहले जमा करवाएं:-

(क) ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र / विवाह का कार्ड

(ख) सेना इकाई के जिला सैनिक बोर्ड कमांडिंग ऑफिसर द्वारा हस्ताक्षर किए गए मृत सैनिक की जानकारी और परिवार की जानकारी की प्रति।

प्रश्न 6 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु) । मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से विधवा पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता कैसे ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज देने होंगे?

उत्तर: क्रप्या डाउनलोड सेक्षन में दिए गए फॉर्म को भरें और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विवाह की तारीख से कम से कम एक महीना पहले जमा करवाएं:-

(क) ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र / विवाह का कार्ड

(ख) सेना इकाई के जिला सैनिक बोर्ड / कमांडिंग अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए म्रत सैनिक की जानकारी और परिवार की जानकारी की प्रति।

प्रश्न 7 मेरे पिता की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु) और फिर मेरी माँ की भी बाद में मृत्यु हो गई। मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से मेरे विवाह (अनाथ बेटे के विवाह के लिए अनुदान) के लिए वित्तीय सहायता कैसे ले सकता हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज देने होंगे?

उत्तर: युद्ध में चोटों से मारे गए औ युद्ध में विकलांग हो कर बाद में मारे गए सैनिकों के बच्चे इस अनुदान के लिए डाउनलोड सेक्षन में दिए गए आवेदन फर्म के साथ दोनों अभिभावकों के मृत्यु प्रमाणपत्र, विवाह कार्ड, विवाह की तारीख वाला गाँव के सरपंच का प्रमाण पत्र, स्टेशन मुख्यालय / निकटतम सेना इकाई/जिला सैनिक बोर्ड द्वारा हस्ताक्षरित परिवार की जानकारी की प्रति को विवाह की तारीख से कम से कम एक महीने पहले जमा करवा दें।

प्रश्न 8 मेरे पति की ऑपरेशन क्षेत्र में नियुक्ति के दौरान मृत्यु हो गई (युद्ध मृत्यु) । मैं पुनर्वास और कल्याण खंड से अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए के लिए वित्तीय सहायता कैसे ले सकती हूँ और उसके लिए मुझे कौन से दस्तावेज देने होंगे?

उत्तरः ये अनुदान सेक्षन में दिए गए फॉर्म पर निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर निधि की उपलब्धता के अनुसार दिया जाता है:-

(क) ब्लॉक विकास अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट।

(ख) निधि को एक वर्ष के भीतर प्रयोग किए जाने का प्रमाणपत्र।

(ग) जिला सैनिक बोर्ड/रिकॉर्ड ऑफिस/सबसे निकट सेना इकाई/स्टेशन मुख्यालय द्वारा हस्ताक्षरित मृत सैनिक की जानकारी या निर्वाह पुस्तक और परिवार की जानकारी।